हरिभूमि

# सागर-चम्बल भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, बुधवार 26 जून 2024

04 समस्याओं के निराकरण के लिए पुलिस अधीक्षक...



07 श्योपुर कॉलेज में शुरू होगी बीएड की पढ़ाई...





## खबर संक्षेप

### जन्म-मृत्यु पोर्टल प्रशिक्षण 27 को

**सागर**। जन्म-मृत्यु ऑनलाइन पंजीयन से संबंधित पोर्टल पर इकाईयों द्वारा किये जाने वाले पंजीयन कार्य के दौरान तकनीकी कठिनाईयों के निदान के लिए जनगणना कार्य निदेशालय के अधिकारियों द्वारा एक दिवसीय प्रशिक्षण 27 जून को दोपहर 12 बजे से सायं 4 बजे तक दिया जायेगा। यह प्रशिक्षण जिला पंचायत सागर के सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा।

### अवैध शराब के 3 प्रकरण किए गए पंजीबद्व

**सागर**। अवैध शराब के विनिर्माण, संग्रहण व विक्रय के विरुद्ध चलाये जा रहे विशेष अभियान के तहत कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देशन एवं सहायक आयुक्त आबकारी दीपक अवस्थी के मार्गदर्शन में देवरी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत सहायक ज़िला आब. अधिकारी दिलीप सिंह खंडाते के नेतृत्व में ग्राम डोंगर सलैया थाना महाराजपुर में अन्नपूर्णा ढाबा से 25 पाव प्लेन मदिरा बरामद की तत्पचात ग्राम चौका थाना केसली में भगुंती रजक के रिहायशी आवास से 49 पाव मसाला मदिरा, ग्राम घाना में लक्ष्मीकांत राय की किराना दुकान से 15 पाव मदिरा बरामद की जाकर आबकारी अधिनियम के तहत कुल 3 प्रकरण पंजीबद्व किए गए।

### वेतन बिल माह की एक तारीख तक करें भुगतान

**सागर**। कलेक्टर दीपक आर्य की जानकारी में आया है कि सागर जिले में आदेश के बाद भी समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारी द्वारा अपने अधीनस्थ अधिकारियों-कर्मचारियों के वेतन देयक समय पर जिला कोषालय में प्रस्तुत नहीं किये जा रहे है। उन्होंने जून माह के वेतक देयक एक तारीख तक अनिवार्य रूप से जिला कोषालय में प्रस्तुत करने के लिए कहा है। उक्त आदेश का पालन नहीं किये जाने पर आहरण एवं संवितरण अधिकारी स्वयं उत्तरदायी हांगे।

### निजी अस्पतालों में मुफ्त इलाज की सुविधा

**सागर**। राज्य शासन द्वारा प्रधान मंत्री जन आरोग्य योजना संचालित की जा रहीं है। जन आरोग्य योजना का लाभ लेकर अनेक लोग अब निजी अस्पतालों में अपना मुफ्त इलाज करा रहे है। पैसों के अभाव में निजी अस्पतालों में अपना इलाज नही करा पाने वाले हित ग्राहियों के लिए आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हुआ है। आयुष्मान कार्ड से लोगो को निजी अस्पतालों में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा मिल रही है। आयुष्मान कार्ड भविष्य में किसी भी प्रकार की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार होता हे। आयुष्मान कार्ड से वे निजी अस्पताल में भी अपना 5 लाख तक का मुफ्त इलाज करा सकते है। राज्य शासन ने प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना चलाकर अनेक जरूरतमंद लोगो की बीमारी या दुर्घटना होने पर मददगार सबित हुई है।

### ई-केवायसी सत्यापन 15 जुलाई तक किया जाएगा

**सागर**। सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा पेंशन हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर सत्यापन एक सतत प्रक्रिया है। इसके तहत जिले में शेष हितग्राहियों का समग्र पोर्टल पर ई-केवायसी किया जा रहा है। ई-केवायसी में हितग्राहियों का पुनः सत्यापन जिले वार 15 जुलाई तक पूर्ण कर लिया जाएगा। आयुक्त, सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण से प्राप्त जानकारी के अनुसार केन्द्र एवं राज्य सरकार की वृद्ध, विधवा, दिव्यांगजन सहित 6 प्रकार की पेंशन योजनाएँ संचालित की जाती हैं, जिनका ऑनलाइन क्रियान्वयन पेंशन पोर्टल के माध्यम से किया जाता है। भारत सरकार के निर्देशानुसार उक्त योजनाओं के हितग्राहियों का आधार ई-केवाईसी अप्रैल 2023 से निरंतर जारी है। इस प्रक्रिया के अंतर्गत लगभग 85 प्रतिशत हितग्राहियों का सत्यापन किया जा चुका है।

---

दुकान के पास बाथरूम करने से मना करने पर हुआ था विवाद

## थाना केंट पुलिस ने 24 घंटे के अंदर हत्या के प्रयास के आरोपी को धरदबोचा, भेजा जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

केंट थाना में फरियादी बाबूलाल रैकवार पिता गरीबदास रैकवार उम्र 50 साल निवासी बंगला नंवर 51 केंट जिला सागर ने आरोपी सुनील कोरी उर्फ बब्लू उर्फ पंचर निवासी पीली कोठी सागर से अपनी चाय के दुकान के पास पेशाब करने से मना किया तो आरोपी सुनील कोरी उर्फ बब्लू उर्फ पंचर ने बाबूलाल रैकवार को जान से मारने नियत से फूटी हुई वियर की वोतल से हमला कर प्राणघातक चोटें पहुंचाई। रिपोर्ट पर विवेचना मे लिया गया।

घटना गंभीर प्रकृति की होने से वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों को सूचित किया गया जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आरोपी की पतासाजी कर तुरंत गिरफ्तार कर कार्रवाई करने हेतु निर्देशित किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक बीना संजीव उइके




अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर लोकेश सिन्हा के मार्गदर्शन में व नगर पुलिस अधीक्षक सागर यश बिजौरिया के नेतृत्व मे अपराध की विवेचना के दौरान विशेष टीम गठित कर आरोपी की तलाश हेतु रवाना किया गया था जो आरोपी सुनील उर्फ बब्लू उर्फ पंचर कोरी पिता छोटेलाल कोरी को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया गया जहा से आरोपी को जेल भेजा गया।

## नाबालिग को बहला-फुसलाकर दुष्कर्म करने वाले दोषी को 20 वर्ष सश्रम कारावास और जुर्माना भी

**सागर**। नाबालिग को बहला-फुसलाकर भगा ले जाकर दुष्कर्म करने के दोषी अंकित उर्फ अज्जू पिता रतिराम सौर को 5 वर्ष का सश्रम कारावास एवं एक हजार रुपए अर्थदंड एवं पॉक्सो के तहत 20 वर्ष का सश्रम कारावास एवं दो हजार रुपए अर्थदंड की सजा से तृतीय अपर-सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट 2012) नीलम शुक्ला जिला-सागर की अदालत ने दंडित किया।



मामले की पैरवी प्रभारी उप-संचालक (अभियोजन) धर्मेन्द्र सिंह तारन के मार्गदर्शन में सहायक जिला अभियोजन अधिकारी रिपा जैन ने की। घटना के अनुसार शिकायतकर्ता/पीड़िता के भाई ने चौकी शाहपुर थाना सानौधा में इस आशय की रिपोर्ट लेख कराई कि रात करीब 1:00 बजे तक सभी लोग टीवी देखते रहे बाद में मंगलवार, बुधवार की दरम्यानी रात करीब 2-3 बजे सो गये थे उसी बीच उसकी बहिन/पीड़िता घर पर नहीं दिखी किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा बहला-फुसलाकर भगा ले जाने की शंका व्यक्त की। 24 अगस्त 2022 को पीड़िता के दस्तयाब होने पर उसने अपने कथनों में बताया कि 2 मार्च 2022 को अभियुक्त अंकित उर्फ अज्जू बहला-फुसलाकर उसे भगा ले गया और अभियुक्त ने कई बार उसके साथ शारीरिक संबंध बनाये। उक्त रिपोर्ट के आधार पर प्रकरण पंजीबद्ध कर मामला विवेचना में लिया गया, विवेचना के दौरान साक्षियों के कथन लेख किये गए। आरोपी के विरूद्ध चालान न्यायालय में पेश किया। दोनों पक्षों के बयानों के बाद तृतीय अपर-सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (पॉक्सो एक्ट 2012) नीलम शुक्ला जिला-सागर की न्यायालय ने आरोपी को दोषी करार देते हुए सजा से दंडित किया।



### रक्ताधान शिविर में जरूरतमंद महिलाओं को दिया रक्त

**खुरई**। युवा भाजपा नेता अबिराज सिंह की उपस्थिति में खुरई के सिविल अस्पताल में विशाल रक्ताधान शिविर आयोजित किया गया। इस शिविर में पूर्व गृहमंत्री, खुरई विधायक भूपेन्द्र सिंह के जन्मदिवस 20 मई 2024 पर आयोजित वृहद रक्तदान शिविर के माध्यम से एकत्रित रक्त खुरई के सिविल अस्पताल में लगभग 22 जरूरतमंद महिलाओं को दिया गया जो रक्त की कमी से जूझ रही है। उक्त रक्ताधान शिविर में डॉ. शेखर श्रीवास्तव, डॉ. महेंद्र खरे, डॉ. नितेश दुबे, दीपिका जॉनसन मैट्रॉन, विद्या शर्मा नर्स अधिकारी, वंदना नर्सिंग ऑफिसर, सीएचओ, और आशा बंटी जैन मंडल, पुष्पेंद्र रहरोन, राम शास्त्री, गणेश पटेल पार्षद ने अपनी सेवाएं दी।

## तपोवन तीर्थ सागर में मुनि दीक्षा एवं चातुर्मास कलश स्थापना 25 जुलाई को

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

वैज्ञानिक संत आचार्यश्री निर्भय सागर महाराज ससंघ से मुनिदीक्षा होगी एवं चातुर्मास कलश स्थापना 25 जुलाई गुरुवार को होगी। यह घोषणा आचार्यश्री ने स्वयं पंचबालयती मन्दिर शास्त्री वार्ड सुभाष नगर में धर्म सभा के मध्य की। आचार्यश्री तपोवन में यह चौथी बार जैनेश्वरी मुनि दीक्षा एवं दो वर्ष बाद पुनः होगा चातुर्मास। तपोवन तीर्थ सागर शहर के पूर्व दिशा में बहेरिया तिगड्डा के आगे एनएच-26 ओवर ब्रिज से सटी हुई पहाड़ी पर है जहाँ विश्व की सबसे बड़ी 51 फीट दिगम्बर जैन पद्मप्रभु भगवान की पद्मासन प्रतिमा स्थापित है। वहाँ 90 फीट चौड़ा 140 फीट लम्बे पाषाण के मन्दिर निर्माण कार्य चल रहा है। आचार्यश्री ने कहा भक्ति का फल भाव सहित करने से मिलता है। दुनिया में सबसे बड़े बन्धु गुरु और प्रभु होते है। बन्धु उसे कहते है जो सुख दुःख में साथ देते हैं। निस्वार्थ भाव से हितकर कार्य करते हैं। स्वार्थी व्यक्ति मोह माया जाल में फसे होतें है।

स्वार्थी व्यक्ति इन सबसे उठे होते है। खुद और खुदा से कोई बात छिपती नहीं है। पाप और पारा पचता नहीं है। भारतीय संस्कृति में चारित्र की पूजा होती है चेहरे को नहीं चारित्र को देखकर पूजना चाहिए। स्वार्थी व्यक्तियों की लक्षेदार बातों में आकर अपनी धारणा नहीं बदलना चाहिए। नारी बेल की तरह होती जो जल्दी झुक जाती है और जैसे एक बार जिसने बेल लिपट जाती है उसे फिर छोड़ती नहीं उसी प्रकार नारी का स्वभाव होता है इसलिए नारी को बेल की उपमा दी जाती है। नारी के बिना संसार का विकास असंभव है। नारी विकास में बाधक नहीं साधक है। मुक्ति के मार्ग में नारी का मोह बाधक है। आचार्यश्री सुभाष नगर शास्त्री वार्ड में ससंघ सहित विराज मान है। प्रातः आचार्यश्री का प्रवचन होगा दोपहर दीक्षार्थी भइया राजेन्द्र की गोद भराई का कार्यक्रम होगा।




### स्कूली बच्चों को ले जा रही मारुति वैन पलटी

**सागर**। मंगलवार सुबह प्राइवेट बस स्टैण्ड के पास स्कूली बच्चों से भरी मारुति वेन पलट गई। वेन में सेन्ट जोसेफ कॉन्वेंट हासे स्कूल के आधा दर्जन से अधिक बच्चे थे। उनमें से कुछ बच्चों के सिर व मुंह में चोट आई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार ये वेन आनंद श्री होटल के बाजू वाली घाटी से नीचे की तरफ आई और रोड क्रॉस कर सीधे सामने खुले नाले में जाकर पलट गई। उसके चारों पहिए ऊपर हो गए। पास में पान की दुकान पर कुछ लोग खड़े थे। उन्होंने तत्काल दौड़कर वेन से बच्चों को बाहर निकाला। वेन चलाने वाले ड्राइवर का कहना था कि ब्रेक फेल होने से ये हादसा हुआ। घायल बच्ची को परिजन अस्पताल ले गए हैं। ये सभी बच्चे शनीचरी, शुक्रवारी, तिलकगंज और कृष्णगंज वार्ड के बताए जाते हैं। इधर वेन की कंडीशन बहुत ही कंडम प्रतीत हो रही है। उसमें नंबर प्लेट तक नहीं है।

## जिले में चलेगा 27 अगस्त तक दस्तक अभियान स्वास्थ्य विभाग की टीम देगी घर-घर दस्तक

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

कलेक्टर दीपक आर्य के निर्देशन और मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. ममता तिमोरे के नेतृत्व में जिले में 25 जून से 27 अगस्त तक दस्तक अभियान चलाया जायेगा। अभियान के एएनएम, आशा तथा आंगनबाड़ी कार्यकर्ता का संयुक्त दल घर-घर जायेगा। बाल्यावस्था में होने वाली बीमारियों का आंकलन कर इसकी रोकथाम के लिए उचित प्रबंधन करने के उद्देश्य से स्वास्थ्य अमला घर-घर दस्तक देगा। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एम एल जैन को अभियान के नोडल अधिकारी होंगे। अभियान में बीमार बच्चों को चिन्हित करने के साथ उनको मुख्यालय तक लाने और इलाज कराने की पूरी व्यवस्था टीम द्वारा की जाएगी। सीएमएचओ डॉ. ममता तिमोरे ने बताया कि अभियान के दौरान 5 वर्ष से कम उम्र के गंभीर कुपोषित बच्चों की सक्रिय पहचान, समुदाय में बीमार नवजात और बच्चों की पहचान, प्रबंधन एवं




रेफरल, 6 माह से 5 वर्ष तक के बच्चों में एनीमिया की सक्रिय स्क्रीनिंग एवं प्रोटोकॉल आधारित प्रबंधन, 9 माह से 5 वर्ष तक के समस्त बच्चों को आयु अनुरुप विटामिन ए अनुपूरण, सघन दस्त रोग पखवाड़ा आईडीसीएफ गतिविधि आयोजन जिसमें 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में बाल्यकालीन दस्त रोग की पहचान एवं नियंत्रण के लिए ओआरएस एवं जिंक के उपयोग संबंधी सामुदायिक जागरूकता में बढ़ावा एवं प्रत्येक घर में गृहभेंट के दौरान ओआरएस पहुँचाना, 5 वर्ष से कम उम्र के बच्चों में शैशव एवं बाल्यकालीन निमोनिया की त्वरित पहचान, प्रबंधन एवं रेफरल, बच्चों में दिखाई देने वाली जन्मजात विकृतियों एवं वृद्धि विलंब की पहचान एवं उनका आरबीएस के कार्यक्रम से संबद्धीकरण करना। पीड़ति बच्चों की पहचान कर उन्हें निःशुल्क जाँच एवं उपचार तथा परिवहन सुविधाएं प्रदान की जा रही है। इस अभियान के अन्तर्गत आज बाघराज वार्ड पार्षद श्री राजकुमार पटेल द्वारा आंगनवाडी केन्द्र-1 बाघराज वार्ड में दस्तक अभियान का शुभारमं किया गया।

### अषाढ़ के प्रथम मंगलवार को बालाजी मंदिर में हुआ पौधरोपण, हनुमान चालीसा पाठ, भंडारा

**सागर**। अषाढ़ के प्रथम मंगलवार पर शहर के सिद्ध क्षेत्र बालाजी मंदिर में रामसरोज समूह की मातृशक्ति सरोजनी देवी केसरवानी एवं समूह के संस्थापक बाबू रामशंकर केसरवानी की स्मृति में वृक्ष वितरण एवं पौधरोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के उपाध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी, भाजपा जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया, जिला उपाध्यक्ष जगन्नाथ गुरैया, जिला महामंत्री श्याम तिवारी, केवीएस ठाकुर हरिराम सिंह ठाकुर, युवा मोर्चा अध्यक्ष यश अग्रवाल मंडल के अध्यक्षगण एवं रामसरोज समूह के सदस्यजनों ने विचार संस्था के संयोजक कपिल मलैया द्वारा प्रदान किए गए 1100 नीम के वृक्षों का वितरण किया। इसके पश्चात समूह के सदस्य शैलेश केशरवानी एवं अखिलेश मोनी केसरवानी ने परिवारजनों एवं उपस्थित धर्म प्रेमी बंधुओ के साथ ग्रहस्थ संत पंडित केशव महाराज एवं बालाजी मंदिर के मुख्य व्यवस्थापक प्रकाश साहू के संरक्षण में सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ किया तत्पश्चात समूह के सदस्यजनों द्वारा वृक्षारोपण किया गया साथ ही समस्त बालाजी सरकार भक्त मंडल द्वारा विशाल भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें लगभग 10000 से अधिक लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। इस अवसर पर भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश चतुर्वेदी ने कहा कि जिस तरह से गर्मी के दिन बढ़ रहे हैं। इसका मुख्य कारण है वृक्षों की कमी रामसरोज समूह द्वारा वृक्षारोपण का जो वीणा उठाया है वह अति सराहनीय कार्य है। मैं समूह के सदस्यों को शुभकामनाएं देता हूं। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष गौरव सिरोठिया ने कहा कि रामसरोज समूह परोपकार की कार्यों में सदैव आगे रहता है। पौधरोपण के अलावा रामसरोज समूह शहर के वृद्ध जनों एवं सनातन धर्म प्रेमियों को तीर्थ यात्रा करवाता रहता है। इस अवसर पर शैलेश केसरवानी ने जानकारी देते हुए बताया कि आज आषाढ़ के प्रथम मंगलवार पर माताजी सरोजनी देवी केसरवानी एवं समूह के संस्थापक बाबू रामशंकर केसरवानी की स्मृति में हमारे द्वारा वृक्ष वितरण वृक्षारोपण एवं सामूहिक हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया।



### तीन मढ़िया से बस स्टैंड तक जलकुंभी और मिट्टी के टीले हैं उसे जल्द हटाएं : विधायक शैलेंद्र जैन

सागर। विधायक शैलेंद्र जैन ने नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के साथ लाखा बंजारा झील के बस स्टैंड के सामने से लेकर तीन मढिया तक निरीक्षण किया। जिसमें अभी भी कई स्थानों पर जलकुंभी का भराव है और मिट्टी के टीले बने हुए हैं, उन्होंने निगम प्रशासन को निर्देशित करते हुए कहा कि अविलंब इस जलकुंभी को साफ किया जाए और जहां पर यथासंभव हो सके जेसीबी और पोकलेन मशीन का उपयोग किया जाए। उसके बाद मानव श्रृंखला बनाकर वहां की सफाई की जाए। यह कार्य आज से ही प्रारंभ हो। ताकि इस एरिया की सफाई की जा सके और झील की खूबसूरती को बढ़ाया जा सके। उन्होंने कहा कि मात्र इस छोटे से क्षेत्र में जलकुंभी के होने के कारण हमारी झील की सुंदरता प्रभावित हो रही है और इस काम के क्रियान्वयन में किसी भी तरह की बहानेबाजी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।



### सरस्वती शिशु मंदिर में मेधावी छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

**सागर**। सरस्वती शिक्षा परिषद एवं विद्या भारती द्वारा सरस्वती शिशु मन्दिर विद्यालय पगारा में कक्षा 10वीं और 12वीं के मेधावी विद्यार्थियों का प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि इस वर्ष के परीक्षा परिणाम में कक्षा 10वीं और 12वीं में मध्यप्रदेश के टॉप टेन विद्यार्थियों में सागर के सरस्वती शिशु मंदिर के विद्यार्थियों ने अपना स्थान बनाया है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सागर विधायक शैलेंद्र जैन उपस्थित रहे। कार्यक्रम में अतिथियों ने प्रवीण्य सूची के विद्यार्थियों को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक शैलेंद्र जैन ने कहा कि हम सभी सनातनी है और हमारे संस्कारों और विचारधारा की जड़ों को मजबूत बनाए रखने के लिए प्रयास करते हैं। आज के युग में शिशु मन्दिर परिवारों संस्कारों की प्राथमिकता के साथ विद्यालय ने पूर्णतः शिक्षा विचार हमारी परंपराओं के साथ कभी समझौता नहीं किया। शिक्षा देने वाले तो अनेक स्थान है, लेकिन शिक्षा के साथ संस्कार देने वाला विद्यालय सरस्वती शिशु मंदिर है। मैंने इसी कक्ष में अपना संघ शिक्षा वर्ग पूर्ण किया था। विश्व गुरु बनाने में सरस्वती शिशु मन्दिरों का बहुत बड़ी भूमिका होगी।

सार्वजनिक स्थान पर सीएंडडी वेस्ट मटेरियल डालने पर की गई चालानी कार्रवाई

## स्वच्छ सर्वेक्षण 2024: निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट सामग्री के संग्रहण हेतु चलाया गया एक दिवसीय विशेष अभियान

हरिभूमि न्यूज ⏭ सागर

शासन के आदेशानुसार स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 की तैयारियों को गति देने और नगरीय निकायों में स्वच्छता को संवहनीय बनाए रखने एवं नागरिक सहभागिता से विशेष सफाई अभियानों के अंतर्गत माह जून एवं जुलाई के दौरान विभिन्न स्वच्छता गतिविधियों को संचालित किया जा रहा है, जिसमें 25 जून को सीएण्डडी अपशिष्ट (निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट ) के संग्रहण का अभियान चलाया गया, जिसमें भवनो के निर्माण एवं विध्वंस के समय निकलने वाली अपशिष्ट सामग्री जैसे- कंक्रीट( खराब निर्माण सामग्री ), धातु (लोहे की राड लोहे के दरवाजे अन्य स्टील के आइटम ), खराब मिट्टी (उपयोग की गई मिट्टी), ईंट एवं मोर्टार ( निर्माण/ विध्वंस के समय निकलने वाली खराब सामग्री), लकड़ी एवं प्लास्टिक दरवाजे, चौखट, प्लास्टिक एवं



अन्य निकलने वाली अनुउपयोगी सामग्री को निगम को देने के प्रति नागरिकों को जागरुक किया गया।

नगर निगम आयुक्त राजकुमार खत्री के निर्देश अनुसार नगर निगम क्षेत्र में निर्माण एवं विध्वंस अपशिष्ट के संग्रहण का एक दिवसीय विशेष अभियान चलाया गया जिसमें नगर निगम के जोन प्रभारियो और सफाई दरोगाओं द्वारा वार्ड में मकान के निर्माण एवं उनके विध्वंस के दौरान निकली अनुपयोगी सामग्री को निर्धारित शुल्क लेकर नगर निगम के सीएम प्लांट पर भेजा गया। वही नगर मे चल रहे निगम के विभिन्न निर्माण कार्यों के दौरान निकलने वाले सी एण्ड डी मटेरियल को उठवाकर नगर निगम के सी एण्ड डी वेस्ट प्लांट भेजा गया जहां अलग-अलग सामग्री को रखने के लिए बनवाए गए स्थान पर रखवाया गया, जहा इस सामग्री से पेवर ब्लॉक बनाने का कार्य किया जाएगा।

### कोई भी भवन स्वामी उठवा सकते है सीएंडडी मटेरियल

भवन निर्माण के दौरान निकलने वाले सीएण्डडी वेस्ट मटेरियल को कोई भी भवन स्वामी उठाने के लिए नगर निगम के सफाई दरोगा, जोन प्रभारी या नगर निगम के टोल फ्री नंबर 07582-224550 पर सूचना देकर और निर्धारित शुल्क जमाकर सी एण्ड डी वेस्ट मटेरियल को उठा सकते हैं।

## खबर संक्षेप

### अंत्याव्यवसायी समिति को दे रहे हैं अनुदान

**टीकमगढ़।** मध्य प्रदेश राज्य सहकारी अनुसूचित जाति के लिए वित्त एवं विकास निगम भोपाल की संचालित योजनान्तार्गत जिला अंत्याविसायी सहकारी विकास समिति टीकमगढ़ व निवाड़ी द्वारा संत रविदास स्वनरोजगार एवं डॉ. भीमराव अम्बोडकर आर्थिक कल्याण योजनान्तनर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के पात्रताधारी आवेदक जो स्वयं का व्यवसाय स्थापित करना चाहते है उनके आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। इसके अनुसार संत रविदास स्वनरोजगार योजनान्तवर्गत (विनिमार्ण इकाई के लिए) न्यूनतम एक लाख से 50 लाख तक परियोजना लागत होगी। सेवा (सर्विस) इकाई खुदरा व्यवसाय के लिए एक लाख से अधिकतम 25 लाख तक परियोजना लागत होगी। ब्याज अनुदान योजनान्तार्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित (टर्मलोन-वर्किंग केपिटल लोन ) अधिकतम 7 वर्षो तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जायेगा तथा आवेदक की उम्र 18 से 45 वर्ष के मध्य हो वह आवेदक की न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता 8वीं, परिवार की वार्षिक आय 12 लाख से अधिक न हो। इसी प्रकार डॉ. भीमराव अम्बोडकर आर्थिक कल्याण योजना योजनान्तर्गत सभी प्रकार के स्वरोजगार के लिए राशि 10 हजार से एक लाख होगी। वित्तीय सहायता ब्याज अनुदान योजनान्तर्गत अनुसूचित जाति वर्ग के हितग्राहियों को बैंक द्वारा वितरित पर 7 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से ब्याज अनुदान अधिकतम 5 वर्षों तक नियमित ऋण भुगतान पर दिया जायेगा।इन सभी योजनाओं की जानकारी के लिए संबंधित विभागों के कार्यालयों में संपर्क भी किया जा सकता है।

### कलेक्टर ने प्रकरण में जिलाबदर के दिए आदेश

**विदिशा।** कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य ने एसपी के प्रतिवेदन पर एक प्रकरण में जिलाबदर के आदेश जारी किए हैं। शंभू अहिरवार पिता गुलाबसिंह उम्र 31 साल निवासी लुंहागी मोहल्ला को छह माह के लिए विदिशा जिला एवं सीमावर्ती जिला रायसेन, भोपाल, गुना, अशोकनगर, सागर, राजगढ़ की सीमा से निष्कासित किया गया है।

### रक्तदान शिविर और पौधरोपण 26 को

**विदिशा।** स्वर्गीय सेठ दीपक जैन एवं उनकी पुत्री सोयल जैन की स्मृति में एसएसएल जैन पीजी कॉलेज में रक्तदान शिविर एवं पौधरोपण कार्यक्रम 26 जून को सुबह 8:30 बजे से प्रारंभ होगा। जिसमें सहयोगी संस्थाएं महावीर इंटरनेशनल, जैन गुरुवार सेवा समिति, रक्तदान सहायता समिति, ब्लड बैंक रहेगी।

### मजदूरों के ऑटो को ट्रक ने मारी टक्कर

**विदिशा।** सांची से मूंग काटकर वापस विदिशा आ रहे मजदूरों से भरे ऑटो को तेज रफ्तार ट्रक ने टक्कर मार दी। जिससे ऑटो में सवार 10 मजदूर और चालक घायल हो गए। सभी घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। सभी मजदूर रायपुरा बस्ती के रहने वाले हैं। कुछ गंभीर रूप से घायल मजदूरों का अभी जिला अस्पताला में इलाज चल रहा है।

# नए बस स्टैंड के डिवाइडर वाले मार्ग के गहरे गड्ढे को प्रशासन ने भरवाया, वाहन चालकों को मिली राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶|टीकमगढ़

गत 20 जून को प्रकाशित आपके हरिभूमि समाचार पत्र में शहर के नए बस स्टेण्ड पर सड़कों की दशा से संबंधित समाचार गड्ढों में तब्दील हो रहा डिवाइडर वाला मार्ग, करना पड़ रहा मुसीबतों का सामना शीर्षक से प्रमुखता से प्रकाशित किया गया था। जिसे संज्ञान में लेते हुए प्रशासन ने सड़क की मरम्मत कराते हुए उसे ठीक कराया है।

खबर का असर

नगर के छतरपुर रोड पर स्थित डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी नए बस स्टैंड के समीप डिवाइडर वाली मुख्य सड़क पर बहुत ही गहरा गड्ढा था। जिससे दुर्घटनाओं की आशंका बनी रहती थी, वाहनों को भी आने जाने में परेशानियां थी जब हरिभूमि समाचार पत्र को इस समस्या के बारे में जानकारी हुई तो उसे 20 जून के अंक में प्रमुखता से प्रकाशित किया गया। इस समाचार को तत्काल व शीघ्रता से प्रशासन ने इसको संज्ञान में लेते हुए गड्ढे को भरवा दिया। जिससे अब आने जाने वाले वाहन चालकों ने राहत की सांस ली है और दुर्घटनाओं की भी आशंका टल गई है हालाकि इस मार्ग पर और भी गड्ढे हैं जिन्हें भी भरवाए जाने की मांग वाहन चालकों सहित स्थानीय लोगों ने कही है। एक बार फिर हरिभूमि समाचार पत्र के खबर का असर हुआ है जहां नए बस स्टैंड पर गड्ढे की खबर को प्राथमिकता से प्रशासन के संज्ञान में दिया था जिस पर प्रशासन ने कार्यवाही करते हुए गड्ढे को भरवा दिया है।





# वरिष्ठ अधिकारियों ने समस्याएं सुनी, मौके पर किया निराकरण



**टीकमगढ़।** मंगलवार को पुलिस अधीक्षक कार्यालय टीकमगढ़, अनुविभागीय कार्यालय टीकमगढ़ एवं जतारा तथा जिले के समस्त थानों, चौकियों में पुलिस अधीक्षक टीकमगढ़ रोहित काशवानी के निर्देशन में जन-सुनवाई का आयोजन किया गया।

जनसुनवाई कार्यक्रम में लोग अपनी समस्याओं का लिखित आवेदन पत्र लेकर अपने उपरोक्त नजदीकी पुलिस कार्यालय एवं थानों, चौकियों पर उपस्थित हुए। जहां पुलिस के वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा पुलिस हस्तक्षेप योग्य समस्याओं का निराकरण मौके पर किया गया और जो समस्याएं पुलिस हस्तक्षेप योग्य नहीं थी उनके बारे में जानकारी देकर संबंधित विभाग में संपर्क करने के लिए बताया गया।

# कलेक्टर कार्यालय के द्वार पर ही सुनने लगे समस्याएं



**टीकमगढ़।** मंगलवार को जिला मुख्यालय पर जनसुनवाई का आयोजन किया गया। इस जनसुनवाई में एक अलग बात देखने को मिली । इसमें अपने कार्यालय आते ही एडीएम पीएस चौहान ने कलेक्टर कार्यालय में जनसुनवाई के लिए आए आवेदकों के समस्याएं सुनना प्रारंभ कर दिया।

जानकारी के अनुसार टीकमगढ़ के अपर कलेक्टर पीएस चौहान अपने शासकीय वाहन से उतारकर कलेक्टर कार्यालय के मुख्य दरवाजे से कार्यालय में अंदर प्रवेश कर रहे थे। तभी एक पीड़िता अपने बेटे के साथ कलेक्टर कार्यालय के मुख्य दरवाजे पर अपनी समस्या का आवेदन लिए हुए बैठी थी। तब अपर कलेक्टर श्री चौहान वहां रुक कर उस महिला से उसकी तकलीफ पूंछी और वहीं पर उसकी सुनवाई करने लगे।

जिस पर अपर कलेक्टर को महिला बेटी बाई आदिवासी निवासी मोहनगढ़ ने बताया कि मेरे पति लखन आदिवासी की मौत हो गई थी। जिसके लिए मुझे मृत्यु सहायता राशि के रूप में आर्थिक मदद मिलना थी, इसे लेकर मैं करीब आठ महीने से ग्राम पंचायत के चक्कर लगा रही हूं जहां मेरी कोई सुनवाई नहीं हो रही है यह बात सुनकर तत्काल अपर कलेक्टर ने कार्यालय के मुख्य दरवाजे से संबंधित ग्राम पंचायत के सचिव को फोन लगाया और कहा कि तत्काल इस पीड़िता को राशि दिलाएं और उसके केस में तत्काल कार्यवाही कर मुझे अवगत कराएं। जिससे पीड़िता चेहरे पर मुस्कान आ गई और वह खुशी दिखाई दी। इस संबंध में अपर कलेक्टर श्री चौहान ने कहा कि मेरा ऐसा ध्येय है कि किसी भी आमजन को कार्यों के लिए अधिकारी, कर्मचारियों के चक्कर न काटना पड़े और उनका तत्परता से कार्य हो एवं उनकी समस्याएं सहजता और समय पर हल हों।

## लोगों को दी विभिन्न मुद्दों पर आवश्यक जानकारियां

# समस्याओं के निराकरण के लिए पुलिस अधीक्षक ने किया लोगों को आश्वास्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶|टीकमगढ़




मंगलवार को जिले के पुलिस कप्तान रोहित काशवानी के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस टीकमगढ़ राहुल कटरे एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जतारा ₹अभिषेक गौतम के मार्गदर्शन में मंगलवार को टीकमगढ़ पुलिस ने जिले के समस्त थाना,चौकी क्षेत्रांतर्गत कुल 23 स्थानों पर ₹जन चेतना शिविरों₹ का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, सरपंच, पार्षद, महिलाएं, बच्चे सहित लगभग डेढ़ हजार लोग शामिल हुए। इसमें पुलिस विभाग के आधिकारियों द्वारा जनचेतना शिविर में बढ़ी संख्या में शामिल हुए जनसमूह से संवाद के दौरान पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नशा मुक्ति अभियान के बारे में बताकर नशे से लोगों पर पढ़ने वाले मानसिक, शारीरिक तथा सामाजिक दुष्प्रभावों के बारे में अवगत कराकर, अपराधों के बढ़ने में नशे की भूमिका के बारे में बताया गया तथा लोगों से नशे से दूर रहने तथा अन्य लोगों को नशे से दूर करने के लिए, क्षेत्र में चल रही नशे की अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने के लिए प्रेरित किया गया। इसके साथ-साथ जनसंवाद में बताया गया कि सभी व्यक्ति समान हैं हमें जाति ,धर्म , लिंग के आधार पर भेदभाव न कर आपस में मिल जुलकर रहना चाहिए साथ ही परस्पर सहयोगात्मक आचरण रखना चाहिए जिससे सम्पूर्ण मानव जगत एक साथ प्रगति कर सकेगा। साइबर संबंधी घटना घटित होने पर क्या करना चाहिए इस सम्बंध में साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 के बारे में बताया गया। साथ ही वर्तमान में हो रहे साइबर फ्रॉड से बचने के उपायों के बारे में जानकारी दी गई। साथ में डिजिटल वॉलेट के सुरक्षित उपयोग से सजग किया। वाहन दुर्घटनाओं में कमी लाने के संकल्प को पूर्ण करने के उद्देश्य से एकत्रित जन समूह को यातायात संबंधी नियमों के बारे में भी जानकारी दी तथा गुड सेमीरिटन योजना, गोल्डन आवर्स, डिजिटल लॉकर आदि पर विस्तृत चर्चा की गई।

बच्चों एवं महिलाओं के विरूद्ध घटित होने वाले अपराधों तथा उनसे संबंधित कानूनों के बारे में जानकारी दी, जिसमें "गुड टच, बेड टच" के बारे में बताया गया। ध्वनि प्रदूषण को नियंत्रित करने के लिए लाउडस्पीकर से होने वाले ध्वनि प्रदूषण एवं इनसे होने वाले मनोदैहिक दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी देकर लाउडस्पीकर का प्रयोग न करने हेतु समझाईश दी गई।इसके अलावा आमजन से उनकी समस्याएं सुनी तथा उनके यथा–सम्भव निराकरण का आश्वासन दिया गया । लोगों से क्षेत्र में संदिग्ध गतिविधियों की सूचना पुलिस को देने तथा उस पर त्वरित कार्यवाही करने के लिए जन मानस को आश्वस्त किया गया।

### नीट घोटाले के विरोध में शिवसेना ने सौंपा ज्ञापन

**विदिशा।** शिवसेना ने जिला अध्यक्ष सतेन्द्र सिंह सिसोदिया के नेतृत्व में सोमवार को राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें नीट घोटाले को लेकर मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे व निलंबित करने की मांग की गई है। ज्ञापन में कहा गया है कि सरकार के दबाव में आकर पुलिस जगह-जगह आंदोलन रोकने आंदोलनकरियों को प्रताड़ित कर रही है। यह प्रताड़ना भी रोकी जाए। ज्ञापन के दौरान शिवसेना जिला अध्यक्ष सतेंद्र सिंह सिसोदिया, जिला पदाधिकारी भुजबल साहू, जिला उपाध्यक्ष सौरभ चिड़ार व शिवसेना से देवी सिंह तनिष्क आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### मंदिर तक पहुंचने रास्ता बनाने की मांग

**विदिशा।** हम्माल यूनियन के अध्यक्ष रहे माधोसिंह अहिरवार ने समाज की महिला पुरुषों के साथ कलेक्ट्रेट पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। जिसमें उन्होंने रविदास मंदिर पर कब्जा हटाने व मंदिर तक पहुंचने दूसरा रास्ता बनाने मांग की है।

# विभागीय उदासीनता से बद से बदतर हो रही शहर की यातायात व्यवस्था, किसी को नहीं है सुधारने की सुध



हरिभूमि न्यूज ▶▶|टीकमगढ़

नगर टीकमगढ़ के मुख्य मार्गो और मुख्य चौराहों पर दिन प्रतिदिन यातायात व्यवस्था बद से बदत्तर होती जा रही है। यातायात व्यवस्था को लेकर नगरवासी रुष्ट हैं।

शहर में आए दिन मुख्य मार्गो मुख्य चौराहों पर जाम लग रहे हैं और बाजार की सड़कों पर वाहनों को भी उलटा-सीधा जहां जिसकी मर्जी हो वहां रख दिया जाता है। जिससे सड़क जाम हो जाती हैं और लोगों का आना-जाना निकलना दूभर हो जाता है लेकिन संबंधित विभाग बेफ्रिक होकर अपनी कुंभकरणीय नींद में सोया हुआ है न तो कहीं कोई जवान तत्परता से ड्यूटी करता नजर आता है और ना ही इस और कोई सक्रियता से ठोस कार्यवाही की जाती है जिसको लेकर नगर वासी यातायात व्यवस्थाओं को लेकर तंग आ चुके हैं। नगर में जहां जिस रास्ते से भी निकलो वहीं से निकलना मुश्किल हो रहा है। नगरवासियों का कहना है कि यातायात पुलिस इस संबंध में न तो कोई कार्रवाई कर रही है और न ही सक्रियता से इस और व्यवस्था सुधार के लिए कार्रवाई को संज्ञान में लिया जाता है लोगों का मानना है कि टीकमगढ़ नगर की यातायात व्यवस्था सुधारने का नाम नहीं ले रही है। इस संबंध में आयोजित होने वाली बैठकों में केवल कागजी रूप में योजनाओं को बनाया जाता है योजनाएं अगर लागू हो जाएं तो शहरवासियों सहित वाहन चालकों को राहत मिलेगी।

### हत्या कर फांसी पर लटकाने के आरोप

**एसपी को ज्ञापन देकर की मांग**

**विदिशा।** सिरोंज तहसील के पोरवासा गांव निवासी अहिरवार समाज के लोगों ने सोमवार को एसपी कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौंपा। मृतक के भाई अभिषेक अहिरवार ने बताया कि पिछले दिनों उनके भाइ की मौत हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि गांव में रहने वाली एक युवती ने फोन लगाकर उनके भाई को बुलाया। जब उनका भाई वहां पहुंचा तो दूसरे दिन फांसी पर लटका मिला। परिजनों ने आरोप लगाया कि लड़की के परिजनों द्वारा ही उसकी हत्या की गई है। उन्होंने लड़की के चाचा पर मारपीट कर हाथापाई करने का आरोपी लगाया। उसके बाद उनके भाई की मौत हुई है। मृतक के परिजनों ने मारकर फांसी के फंदे पर लटकाए जाने का आरोप लगाया है।

### नाबालिग बालिका से दुष्कर्म करने के आरोपी को पुलिस ने 24 घंटे में कर लिया गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶|टीकमगढ़

पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा गुम एवं अपहृत बालक व बालिकाओं को दस्तयाब कर आरोपियों को गिरफ्तार करने के लिए निर्देशित किया गया है।

इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम, एसडीओपी टीकमगढ़ राहुल कटरे के मार्गदर्शन में थाना कुड़ीला पुलिस द्वारा थाना कुडीला के अपराध में 22 जून को दस्तयाब किया गया।

इसके बाद दस्तयाबी के मामले में विभिन्न धाराओं समेत पाक्सो एक्ट का इजाफा किया गया। मामले के आरोपी राकेश लोधी पुत्र रतिराम लोधी 22 वर्ष निवासी गुजरातन थाना कुड़ीला को सोमवार को गिरफ्तार कर विधिवत कर न्यायालय में पेश किया गया।

### अभद्र टिप्पणी को लेकर दिया ज्ञापन

**गंजबासौदा।** सर्व हिन्दू समाज ने कथा वाचक प्रदीप मिश्रा द्वारा राधा रानी पर अभद्र टिप्पणियां की। तुलसीदास को गवार कहा, इन आपत्तिजनक कथनों से दुखी व आक्रोषित होकर भागवत कथा वाचक रविंद्र कृष्ण शास्त्री व सन्यासी संत समाज के सानिध्य में मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को एक ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कथा वाचक प्रदीप मिश्रा पर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की गई।

## रात में बिजली गुल होने पर कांग्रेसियों ने किया अनोखा प्रदर्शन

# बिजली कंपनी के अधिकारी को पकड़ाई मोमबत्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा



**विदिशा।** बिजली कंपनी कार्यालय पहुंचकर उप महाप्रबंधक को मोमबत्ती देकर विरोध दर्ज कराते कांग्रेसी कार्यकर्ता।

बिजली कंपनी द्वारा की जा रही मनमानी के विरोध में कांग्रेस नेता अर्पित उपाध्याय के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने बिजली कंपनी कार्यालय में नारेबाजी की। कार्यालय में मोमबत्ती जलाई और कंपनी के उप महाप्रबंधक अरविंद वर्मा को मोमबत्ती का पैकेट दिया।

अर्पित उपाध्याय ने आरोप लगाया है कि बिजली कंपनी द्वारा मेंटेनेंस का सिर्फ दिखावा किया जाता है। क्योंकि जरा सी हवा चलने पर या जरा सी बूंदाबांदी होने पर घंटों एवं रात - रातभर बिजली जा रही है। बिजली कंपनी बिजली जाने का सटीक कारण भी नहीं बता पा रहे हैं। किसानों को भी सही समय पर बिजली नहीं मिल रही है। जिस कारण वे धान की रोपाई सहित अन्य खेती के कार्य करने में लेट हो रहे हैं। आम जनता के पास शिकायत करने का कोई नंबर भी उपलब्ध नहीं है। भोपाल के नंबर पर शिकायत करने पर संतोषप्रद जवाब नहीं मिलता। बिना निराकरण के ही शिकायत को बंद कर दिया जाता है।

अर्पित उपाध्याय ने मांग की है की जल्द से जल्द इस समस्या का समाधान किया जाए अन्यथा बिजली कंपनी के विरुद्ध उग्र आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान युवा कांग्रेस के प्रदेश सचिव अशद खान, योगेश सेन, आकाश मिश्रा, फजल शैख, प्रकाश पाराशर, हिमांशु लोधी, शाबाज खान, सचिन ठाकुर, आसिफ खान, शुभम कुशवाह आदि मौजूद रहे।

# कायस्थ सभा में युवा मंडल, महिला मंडल और संयोजक मंडल का गठन

हरिभूमि न्यूज ▶▶|विदिशा



चित्रगुप्त मंदिर में कायस्थ सभा द्वारा कार्यक्रम आयोजित कर युवा मंडल, महिला मंडल और संयाजक मंडल का गठन किया गया।

25 सदस्यीय युवा मंडल, 20 सदस्यीय महिला मंडल, 6 विशेष आमंत्रित सदस्य एवं 35 सदस्यीय संयोजक मंडल में शामिल किए गए। नवनियुक्त सदस्यों को नियुक्ति पत्र प्रदान किए। महिला मंडल अध्यक्ष प्रीति श्रीवास्तव, सचिव प्रतिभा खरे, कार्यकारिणी सदस्य ममता श्रीवास्तव, जया श्रीवास्तव, अनिता श्रीवास्तव, मोनी श्रीवास्तव, को बनाया गया। वहीं युवा मंडल अध्यक्ष अभिनय श्रीवास्तव, कोषाध्यक्ष हर्षित श्रीवास्तव, सहसचिव रितिक श्रीवास्तव को नियुक्त किया गया।

कार्यकारिणी सदस्य यश श्रीवास्तव, मुस्कान श्रीवास्तव, शिवांश माथुर, विशेष आमंत्रित सदस्य संतोष श्रीवास्तव, सुमन श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव को बनाया गया। वहीं संयोजक मंडल अशोक खरे, दिनेश श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, अरुण हजेला, अनिल खरे, डॉ. नरेश श्रीवास्तव, अनिल दीवान, योगेश कुलश्रेष्ठ, कृष्ण मोहन श्रीवास्तव को नियुक्ति पत्र दिए गए। इस अवसर पर अजय श्रीवास्तव , डॉ. हेमन्त श्रीवास्तव, राममोहन श्रीवास्तव, राहुल श्रीवास्तव, राजेश श्रीवास्तव, सरिता श्रीवास्तव, प्रतिभा श्रीवास्तव, सुधा श्रीवास्तव, राजकुमार श्रीवास्तव, अनुराग श्रीवास्तव, दिनेश सक्सेना, राजेंद्र सक्सेना, अविनाश श्रीवास्तव ने कायस्थ सभा के संरक्षक सदस्य की सदस्यता ग्रहण की। संचालन डॉ. हेमंत श्रीवास्तव ने किया, आभार अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने व्यक्त किया।

### पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस बने श्योपुर कॉलेज में शुरू होगी बीएड की पढ़ाई की सुविधा

# श्योपुर कॉलेज में शुरू होगी बीएड की पढ़ाई, फीस भी देनी होगी कम

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

बीएड की पढ़ाई करने की सोच रहे श्योपुर जिले के विद्यार्थियों को अब बीएड करने के लिए न तो दूसरे जिले की दौड़ लगानी होगी और न ही निजी बीएड कॉलेज में भारी भरकम फीस चुकानी होगी। वजह यह है कि श्योपुर के पीजी कॉलेज में अब बीएड की पढ़ाई भी शुरू होगी। पीजी कॉलेज श्योपुर से बीएड की पढ़ाई करने वाले विद्यार्थियों को मोटी फीस की जगह शासन द्वारा निर्धारित फीस की चुकानी होगी। कॉलेज प्रबंधन ने बीएड की पढ़ाई शुरू करने के लिए अनुमति लेने सहित अन्य तैयारियां भी शुरू कर दी हैं। कॉलेज प्रबंधन की तैयारियों को देखकर उम्मीद बंध रही है कि इसी शिक्षण सत्र से बीएड की पढ़ाई शुरू हो जाएगी।

बता दें कि मप्र के 55 जिलों के पीजी कॉलेज को शासन की ओर से पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा प्रदान कर दिया गया है। इसमें श्योपुर का पीजी कॉलेज भी शामिल है। इसी क्रम में श्योपुर के पीजी कॉलेज को पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा मिल गया है। जिसका शुभारंभ एक जुलाई होगा। कॉलेज सूत्र बता रहे हैं कि पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का संचालन शुरू होने के बाद श्योपुर के पीजी कॉलेज में विद्यार्थियों की पढ़ाई के लिए कई सुविधाएं शुरू हो जाएगी। यूजी के तीन नए विषयों बायोटेक, संस्कृत तथा कम्प्यूटर साइंस की पढ़ाई शुरू होने के बाद बीएड की पढ़ाई की सुविधा भी इसी शिक्षण सत्र से शुरू हो जाएगी। शासन की ओर से इस संबंध में दिशा निर्देश मिलने के बाद कॉलेज प्रबंधन श्योपुर ने बीएड की पढ़ाई शुरू करवाने संबंधी तैयारियां शुरू कर दी हैं।




#### शुरू होगी एक यूनिट, 50 विद्यार्थी ले सकेंगे एडमिशन

पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस का दर्जा प्राप्त श्योपुर के पीजी कॉलेज में बीएड की पढ़ाई के लिए एक यूनिट इसी शिक्षण सत्र से शुरू होने की उम्मीद है। यह उम्मीद इसलिए बंधी है, क्योंकि कॉलेज प्रबंधन श्योपुर ने बीएड की एक यूनिट संचालित किए जाने की अनुमति के लिए आवेदन कर दिया है। अनुमति मिलने के बाद यहां बीएड की एक यूनिट संचालित होना शुरू हो जाएगी। एक यूनिट में 50 सीटे रहती है। इसलिए 50 विद्यार्थी बीएड के लिए एडमिशन ले सकते हैं। विद्यार्थियों को फीस भी वहीं देनी होगी, जो फीस सरकार के द्वारा निर्धारित की जाएगी। बता दें कि श्योपुर में कोई सरकारी बीएड कॉलेज संचालित नहीं है। जिसकारण श्योपुर के विद्यार्थियों को बीएड की पढ़ाई करने के लिए या तो दूसरे जिले की दौड़ लगानी पड़ रही है या फिर निजी कॉलेज में मोटी फीस चुकानी पड़ रही है।

#### विद्यावन के लिए जल्द मिलेगी जमीन

श्योपुर के पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस में पढ़ने वाले विद्यार्थी पर्यावरण संरक्षण के लिए विद्यावन तैयार करेंगे। जिसमें कॉलेज का हर विद्यार्थी लगाएंगे। वर्तमान में कॉलेज प्रबंधन के पास विद्यावन के लिए जगह नहीं है, इसलिए कॉलेज प्रबंधन ने कलेक्टर लोकेश कुमार से विद्यावन के लिए जमीन उपलब्ध कराए जाने का अनुरोध किया है। इस मामले में कलेक्टर लोकेश कुमार ने तहसीलदार श्योपुर अर्जुन सिंह भदौरिया को इस संबंध में कार्रवाई करने के निर्देश दे दिए हैं। जिससे उम्मीद है कि जल्द ही कॉलेज को विद्यावन के लिए जगह मिल जाएगी।

#### इनका कहना है

बीएड की पढ़ाई शुरू होने संबंधी शासन के निर्देश मिले हैं। जिसके पालन में बीएड की एक यूनिट की अनुमति के लिए आवेदन कर दिया है।

**डॉ विपिन बिहारी शर्मा**
**प्राचार्य, पीजी कॉलेज श्योपुर**

कॉलेज प्रबंधन को विद्यावन के लिए भूमि आंवटित की जाना है। कलेक्टर निर्देशों के बाद इस मामले में कार्रवाई शुरू कर दी है।

**अर्जुन सिंह भदौरिया**
**तहसीलदार, श्योपुर**

### ईको सेंटर श्योपुर में आयोजित होगी भर्ती प्रक्रिया

# वन रक्षक भर्ती:12 अभ्यथियों की शारीरिक मापतौल आज, कल होगा पैदल चाल टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

वन रक्षक भर्ती प्रक्रिया के तहत अभ्यर्थियों की शारीरिक मापतौल और पैदल चाल भलेही मई माह के अंतिम सप्ताह में सम्पन्न हो गई हो, लेकिन यह प्रक्रिया एक बार फिर 26 और 27 जून को आयोजित कराई जाएगी। जिसमें होमगार्ड बने 12 अभ्यर्थी शामिल होंगे और वन रक्षक बनने के लिए अपना फिजिकल टेस्ट देंगे। श्योपुर के ईको सेंटर पर होने वाली इस भर्ती प्रक्रिया की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है।

वन विभाग के अधिकारियों के मुताबिक मई माह में आयोजित हुई भर्ती प्रक्रिया में वे अभ्यर्थी शामिल नहीं हो पाए थे, जो होमगार्ड बनकर अपनी सेवाएं दे रहे थे। उस समय होमगार्ड जवानों की ड्यूटी लोकसभा चुनाव के दौरान लगी थी। इसलिए वे होमगार्ड जवान वन रक्षक भर्ती प्रक्रिया में शामिल नहीं हो पाए थे, जिन्होंने वन रक्षक भर्ती परीक्षा उत्तीर्ण कर ली थी। बताया गया है कि उस समय अनुपस्थित रहे सभी होमगार्ड जवानों के लिए शासन स्तर से फिर भर्ती प्रक्रिया आयोजिक करने के निर्देश दिए गए है। इसी क्रम में 26 जून को ईको सेंटर पर पहले की तरह अभ्यर्थियों के दस्तावेजों का परीक्षण किया जाएगा और उनकी शारीरिक मापतौल की जाएगी। जबकि 27 जून को पैदल चाल टेस्ट आयोजित किया जाएगा। इसके लिए दलों का गठन कर दिया गया है।




#### भर्ती प्रक्रिया में शामिल होंगे 12 जवान

जिला मुख्यालय पर स्थित ईकों सेंटर 26 और 27 जून को वन विभाग द्वारा आयोजित वन रक्षक भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने के लिए 12 होमगार्ड जवानों को कॉल लेटर देकर बुलाया गया है। इनमें 10 होमगार्ड जवान श्योपुर और 02 होमगार्ड मुरैना जिले के शामिल रहेगे। दरअसल संख्या कम होने के चलते मुरैना में यह भर्ती प्रक्रिया आयोजित नहीं कराई जा रही है। इसलिए मुरैना के दोनों होमगार्ड जवानों को श्योपुर में आयोजित भर्ती प्रक्रिया में शामिल होने का कॉललेटर दिया गया है।

#### इनका कहना है

26 जून को दस्तावेजों का परीक्षण और शारीरिक मापतौल तथा 27 जून को पैदल चाल टेस्ट होगा। इस प्रक्रिया में 12 होमगार्ड जवान शामिल होंगे।

**सीएस चौहान, डीएफओ**
**सामान्य वन मंडल, श्योपुर**

# दुष्कर्म के आरोपी को मानपुर पुलिस ने राजस्थान के छाण से दबोचकर भेजा जेल

### गुर्जर महासभा के ज्ञापन के बाद एक्शन में आई पुलिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

दुष्कर्म के मामले को लेकर सोमवार को गुर्जर महासभा द्वारा दिए गए ज्ञापन के बाद मानपुर थाना पुलिस एक्शन में आ गई। पुलिस ने फरार चल रहे रेप के आरोपी को राजस्थान के छाण से अरेस्ट करने के बाद न्यायालय में पेश कर दिया। जहां से आरोपी को जेल भेज दिया गया है।

बता दें कि मानपुर थाने में पिछले दिनों एक दुष्कर्म का मामला दर्ज हुआ था, रेप के बाद आरोपी सोनू मुसलमान निवासी सोंईकलां फरार हो गया था। सोमवार को अखिल भारतीय गुर्जर महासभा ने इस मामले में एसपी आफिस का घेराव कर ज्ञापन दिया था और इस घटना पर खासा आक्रोश जताते हुए आरोपी को जल्द गिरफ्तार कर उसे फांसी की सजा दिलवाए जाने और उसके मकान पर बुलडोजर चलाए जाने की मांग की थी। इस मामले में पुलिस ने आरोपी को अरेस्ट कर लिया गया है। मानपुर थाना इंचार्ज सियाशरण केवट ने बताया कि दुष्कर्म का आरोपी सोनू मुसलमान भागकर राजस्थान पहुंच गया था, जिसे मुखबिर की सूचना के बाद छाण से अरेस्ट कर लिया और न्यायालय में पेश करने के बाद उसे जेल भेज दिया है।



# साहब! चोरों पर मेहरबानी और ईमानदार उपभोक्ताओं को परेशान कर रही बिजली कंपनी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

साहब! बिजली कंपनी की मनमानी के चलते जिले में बिजली की चोरी धड़ल्ल्ले से हो रही है। ईमानदार उपभोक्ताओं को अनर्गल बिल देने और उन पर जुर्माना की कार्रवाई की जा रही है, वहीं बिना कनेक्शन के बिजली चोरी कर रहे बिजली चोरों का पोषण किया जा रहा है। यह बात जनसुनवाई में पहुंचे नरेश मजूमदार ने कलेक्टर को आवेदन देते हुए कही।

कमलेश्वर महादेव मंदिर के पुजारी नरेश मजूमदार ने जनसुनवाई में आवेदन देते हुए बताया कि वह मंदिर की सेवा करते हुए मंदिर की जो थोड़ी बहुत जमीन है उसे जोत कर ठाकुर जी की सेवा कर रहा हूं। उसने विधिवत बिजली कनेक्शन लगवाया है जिसका बिल भी जमा किया जा रहा है। मुझे बिजली कंपनी की ओर से मन माने बिल दिए जा रहे हैं, बिल सुधार करने के बजाए बार-बार बिजली कनेक्शन काट दिया जाता है, उधर मेरे ही खेत के ऊपर से करीब 25 बिजली के तार बगबाज गांव में खींचकर ले जाया गए जिससे बिजली की चोरी खुलेआम हो रही है। इस समय खेत में धान लगाने की प्रक्रिया की जा रही है, कोई तार खेत में गिर जाता है तो खेत में काम करने वाले मजदूरों की मौत भी हो सकती है, पहले भी एक युवक की मौत खुले तारों के कारण हो चुकी है। मजूमदार ने अपने खेत से गुजर रहे बिजली के अवैध तारों को हटाने की मांग की है। कलेक्टर ने इस मामले में बिजली कंपनी के अधिकारियों को निर्देशित किया है कि अभियान चलाया जाए जिसमें चोरी की बिजली चोरी से बिजली जलाने वालों पर दंडात्मक कार्रवाई हो। इस मामले में अगर कोई कर्मचारी शामिल हो तो उसे पर भी कार्रवाई की जाए।




#### जनसुनवाई में आए 205 आवेदन

मंगलवार को कलेक्टर सभाकक्ष में आयोजित जन सुनवाई में 205 लोग अपनी अपनी समस्याए लेकर पहुंचे। कलेक्टर लोकेश कुमार ने जनसुनवाई में आए सभी लोगों की एक एक करके समस्या सुनी और 13 आवेदनों की समस्याओं का 24 घंटे में निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए है। शेष आवेदनों की समस्याओं का निराकरण भी जल्द करवाए जाने का भरोसा आवेदनकर्ताओं को दिया है।

#### करंट से भैसो की मृत्यु के मामले में मुआवजा देने के निर्देश

कलेक्टर लोकेश कुमार ने जनसुनवाई में ग्राम जैनी निवासी जगदीश प्रजापति एवं रामचरण मीणा के आवेदन पर निर्देश दिये गये कि भैसो का मुआवजा तत्काल प्रदान किया जाए। उन्होंने अकारण विलम्ब करने वाले संबंधित अधिकारी को चिन्हित कर वेतन काटने की कार्यवाही के निर्देश दिए। इस मामले में कलेक्टर द्वारा मध्य क्षेत्र विधुत वितरण कंपनी के एमडी से दूरभाष पर चर्चा करते हुए ऐसे मामलो में तत्काल निराकरण किये जाने के निर्देश वरिष्ठ स्तर से प्रसारित करने की अपेक्षा की गई। इन ग्रामीणो ने बताया था कि एफआईआर, पीएम रिपोर्ट, पंचनामा सभी दस्तावेज दिये जाने के बावजूद बिजली कंपनी द्वारा मुआवजा नही दिया जा रहा है। इस पर कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड द्वारा असंतोष व्यक्त करते हुए उक्त मामले की फाईल बुलाई गई तथा लापरवाह अधिकारी पर कार्यवाही के निर्देश दिये गये।

# घर में घुसकर परिवार को पीटा पुलिस ने दर्ज नहीं की एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

कराहल से जिला मुख्यालय पहुंचे एक परिवार ने एसपी अभिषेक आनंद को आवेदन सौंपते हुए उनके साथ नामजद आरोपियों द्वारा घर में घुसकर मारपीट करने और कराहल पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप लगाया है।

नरोत्तम कुशवाह नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी व बेटी के साथ जिला मुख्यालय पहुंचकर एसपी अभिषेक आनंद को आवेदन सौंपकर बताया कि नामजद लोगों ने उनके घर में घुसकर मारपीट की जिससे पति-पत्नी और बेटी को गंभीर चोटे आई हैं। इस मामले में कराहल पुलिस ने रिपोर्ट लिखने के बजाय समझाकर घर भेज दिया। पीड़ित परिवार ने कराहल पुलिस पर कार्रवाई न करने का आरोप भी लगाए है। इस मामले में एसपी ने नियमानुसार कार्रवाई किए जाने का भरोसा दिया है।





#### वैश्य महासम्मेलन की महिला इकाई ने किया पौधरोपण

श्योपुर। विश्व महासम्मेलन के उपाध्यक्ष पूर्व मंत्री उमाशंकर गुप्ता का जन्मदिन वैश्य महासम्मेलन की जिला महिला इकाई ने धरा को हराभरा बनाने के संकल्प के रूप में मनाया इस दौरान पौधरोपण किया गया। पूर्व मंत्री और समाजसेवी उमाशंकर गुप्ता का जन्मदिन वैश्य महासम्मेलन की महिला इकाई ने हर्षोल्लास के साथ मनाया, इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए गए जहां वैश्य सम्मेलन की पुरुष इकाई ने जिला अस्पताल पहुंचकर फल वितरण किया वहीं महिला इकाई ने पार्क में फलदार व छायादार पौधे लगाकर पर्यावरण को बचाने का संकल्प लिया इस दौरान वैश्य महिला जिला इकाई की अध्यक्ष अर्चना गोयल, जिला प्रभारी अर्चना गर्ग, महामंत्री भगवती गोयल आदि उपस्थित रहीं।

### भारी बारिश में भीगते हुए श्रोताओं ने लिया मुशायरा का आनंद

# तभी तो देश पे मिटने को हम तैयार रहते हैं: जोहर कानपुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

जहां रहना मुहाफिज बनके रहना तुम गुलिस्ता के ये अपना दीन कहता है, यही ईमान कहता है, तभी तो देश पे मिटने को हम तैयार रहते हैं। वतन पे जान देने के लिए कुरआन कहता है। गजल के यह शेर देश के विख्यात शायर जोहर कानपुरी के हैं जिन्होंने शनिवार की रात श्री हजारेश्वर मेला रंगमंच पर आयोजित अखिल भारतीय मुशायरा में पड़े। भारी बारिश के बीच हुए इस मुशायरा में श्रोताओं ने भीगते हुए भी शेरो शायरी का आनंद उठाया।

मुशायरा की शुरुआत नपा अध्यक्ष रेनू सुजीत गर्ग ने शमा रोशन करने तथा नात पाक के साथ हुई। उसके बाद देश भर से आए शायरों ने अपना कलाम पेश किया जिसमें आजम शाकिर ने व्यवस्थाओं पर तंज करते हुए कहा कि लाखो सदमे ढेरों गम, फिर भी नहीं है आंखें नम, इक मुद्दत से रोए नहीं क्या पत्थर के हो गए हम।

महशर अफ़रीदी ने श्रोताओं में राष्ट्र प्रेम जागृत करते हुए कहा कि जमी पर घर बनाया है, मगर जन्नत में रहते हैं। हमारी खुशनसीबी है कि हम भारत में रहते हैं। तरनान्नुम की शायरा शबीना अदीब ने अपनी सुरीली आवाज़ का जादू छेड़ते हुए श्रोताओं को कुछ इस तरह मंतमुग्ध किया अपनी डाली से बिछड़े अलग हो गए, पेड़ के सारे पत्ते अलग हो गए, ईश्वर भी वही है,खुदा भी वही, जानें क्यूं उसके बंदे अलग हो गए। वसीम राजपुरी ने महिलाओं पर हो रहे अपराधों पर शेरो शायरी इस तरह कि मेरे ख्याल से जीने का हक नहीं उनको जो खानदान की पगड़ी उछाल देते हैं, वो अपनी बहनों से कैसे नज़र मिलते हैं जो लड़कियों पे तेज़ाब डाल देते हैं। देश विदेश में मुशायरा की जान माने जाने वाले युवा शायर हाशिम फिरोजाबादी ने मुशायरा में रंग जमाते हुए कहा कि, आसमा छोड़ो, जमी का नहीं छोड़ा तुमने ऐसा छोड़ा की, कहीं का नहीं छोड़ा तुमने। मुशायरा में स्थानीय शायरों को भी आमंत्रित किया जिसमें शायर सईद चिराग़ और तालिब तूफानी ने भी कलाम पढ़ा। रात 10 बजे शुरू हुआ मुशायरा सुबह 4 बजे तक चला मुशायरा की अध्यक्षता पूर्व अंजुमन सदर जलील खान ने की।



### सरकारी स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने के लिए जतन जारी

# स्कूलों में गर्मी बनी उपस्थिति में बाधा, केंद्रीय व सीएम राइज में ट्रांसपोर्टेशन की समस्या

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी का असर सरकारी स्कूलों में विद्यार्थियों की उपस्थिति पर विपरीत रूप से पढ़ रहा है। कलेक्टर लोकेश कुमार के निर्देश पर शिक्षा विभाग के आधिकारी स्कूलों में उपस्थिति बढ़ाने के निर्देश शाला प्रमुखों को दे तो रहे हैं लेकिन पढ़ रही तेज गर्मी के कारण अभिभावक बच्चों को स्कूल भेजने को तैयार नहीं हो रहे हैं। विद्यालयों में उपस्थिति बढ़ाने की गरज से सरकारी स्कूल के शिक्षक घर-घर पहुंच कर बच्चों को स्कूल लाने की कवायद करते देखे जा रहे हैं, सीएम राइस और केंद्रीय विद्यालय जैसे बड़े स्कूलों में बच्चे ट्रांसपोर्टेशन की समस्या के चलते कम पहुंच रहे हैं।

6 सैकड़ा से अधिक संख्या वाले सीएम राइज स्कूल में इन दिनों मुश्किल से एक सैकड़ा विद्यार्थी ही पहुंच रहे हैं। विद्यार्थियों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए विद्यालय प्रबंधन ने अभिभावकों की बैठक आयोजित की है बैठक में अभिभावकों को नियमित रूप से बच्चों को स्कूल भेजने की समझाइश तो दी जा रही है लेकिन अभिभावकों का कहना है कि एक तो इन दिनों पड़ रही भीषण गर्मी और दूसरे ऑटो वाले फिलहाल बच्चों को स्कूल लाने को तैयार नहीं हैं। ऑटो वाले एक तारीख से 1 तारीख का महीना बांधे रखते हैं अगर बीच में उन्हें 10 दिन के लिए बच्चों को स्कूल भेजना पड़े तो भी ऑटो वाले एक महीने का ही भाड़ा वसूल करते हैं ऐसी स्थिति में अभिभावक 1 जुलाई से बच्चों को स्कूल भेजने की बात कह रहे हैं, कमोवेश यही हाल केंद्रीय विद्यालय का है, जिले के सबसे बड़े स्कूलों में शामिल केंद्रीय विद्यालय में भी उपस्थित इन दिनों कम दर्ज़ की जा रही है। स्कूल प्रबंधन अभिभावकों के मोबाइल पर बच्चों को नियमित रूप से स्कूल भेजने के लिए मैसेज लगातार डाल रहा है लेकिन यहां भी बच्चों को स्कूल भेजना ट्रांसपोर्टेशन की समस्या बनी हुई है ऑटो से स्कूल आने जाने वाले बच्चों के अभिभावकों से 10 दिन का किराया भी महीने भर का वसूल कर रहे हैं। इसलिए इस स्कूल में भी विद्यार्थियों की उपस्थिति कम आ रही है।



#### शिक्षक घर-घर पहुंचकर कर रहे अभिभावकों की मनुहार

सरकारी स्कूलों में विधार्थियों की उपस्थिति अजूबा बनी हुई है। जिला शिक्षा अधिकारी ने कलेक्टर लोकेश कुमार के निर्देश पर सभी शाला प्रमुखों को निर्देश जारी कर दिए हैं कि जिन स्कूलों में उपस्थित कम मिलेगी उन स्कूलों के प्रमुखों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी, डीईओ के इस फरमान से डरे शिक्षक बच्चों को स्कूल में लाने के लिए घर-घर पहुंच रहे हैं, उधर अभिभावक भीषण गर्मी के प्रकोप को देखते हुए स्कूलों में बच्चों को भेजने के बजाय फिलहाल घर पर ही रोके हुए हैं।

#### स्कूलों का लंबा समय कम कर रहा उपस्थिति

विद्यार्थियों के सरकारी स्कूलों में कम उपस्थिति का मुख्य कारण दोपहर में लगने वाले स्कूल हैं जिनका समय सुबह 10:30 बजे से शाम 4:30 बजे तक है अभिभावकों का कहना है कि भरी दोपहरी में बच्चों को वह स्कूल भेजते हैं और स्कूलों में पंखा कूलर जैसी कोई सुविधा भी नहीं है ऐसी स्थिति में बच्चे भीषण गर्मी में पसीना पसीना हो जाते हैं। बच्चों के बीमार होने की संभावना बनी हुई है अगर बच्चों को सुबह 7 से दोपहर 12 बजे और दोपहर 12 बजे से शाम 5 बजे तक की शिफ्ट में पढ़ाया जाए तो संभवतः स्कूलों में उपस्थित बढ़ सकती है। खासकर छोटे बच्चों को सुबह 7 से दोपहर 12 बजे वाली शिफ्ट में बैठाया तो अभिभावक भी बच्चों को स्कूल भेजने को तैयार हो जाएंगे।

#### इनका कहना है

विद्यार्थियों की उपस्थिति कम आने के कारण हम अभिभावकों की बैठक आयोजित कर रहे कर उन्हें समझाइश दी जा रही है, जिसके सकारात्मक परिणाम आ भी रहे हैं। ट्रांसपोर्टेशन की कमी से भी कम उपस्थिति का कारण बनी हुई है, एक-दो दिन में उपस्थिति और बढ़ने की संभावना है।

**अशोक खंडेलवाल**
**प्रिंसीपल सीएम राइज स्कूल**

# बच्चों का वजन और लंबाई मापने में लापरवाही दो आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को थमाए नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्योपुर

परियोजना अधिकारी कराहल नितिन मित्तल द्वारा सघन वजन अभियान के तहत आंगनबाड़ी केन्द्रों के निरीक्षण के दौरान कार्य में लापरवाही पाए जाने पर 2 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नोटिस जारी किये गये हैं।

निरीक्षण के दौरान परियोजना अधिकारी नितिन मित्तल ने सघन वजन अभियान के तहत सिमोनिया, डोब, गड़ला के आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों का वजन और लम्बाई क्रॉस चेक की गई। जिसमें वजन और लम्बाई में अंतर पाया गया, जो विभागीय काम में लापरवाही को दर्शाता है। इसलिए सीडीपीओ ने गढला-ए की कार्यकर्ता रीनू पटेलिया, गढला-बी की कार्यकर्ता बदली बाई को कारण बताओ नोटिस जारी किये गये हैं तथा गढला-ए की सहायिका किस्मत आदिवासी आदिवासी अनुपस्थित पाये जाने पर मानदेय राजसात करने की कार्यवाही की गई है। भ्रमण के दौरान पर्यवेक्षक अनीता सिंघल, सुषमा सोनी, ज्योति शाक्य उपस्थित थीं।




#### पचनया में युवक ने खेत पर जाकर लगाई फांसी, मौत, जांच में जुटी पुलिस

श्योपुर। विजयपुर थाना क्षेत्र के ग्राम पचनया में एक युवक की संदिग्ध परिस्थितियों के बीच फांसी लगाने से मौत हो गई। युवक का शव उसके खेत पर फांसी के फंदे पर झूलता मिला है। फांसी लगाए जाने के कारणों का फिलहाल कोई अता पता नहीं है। पुलिस ने मर्ग दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। विजयपुर थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम पचनया निवासी होतम 35 वर्ष पुत्र मिसुरी कुशवाह ने मंगलवार की अल सुबह अपने खेत पर जाकर वहां नीम के पेड से फांसी लगा ली। जिसका पता परिवार के लोगों के तब चला, जब वे खेत पर पहुंचे,जहां उन्हें होतम नीम के पेड से फांसी के फंदे पर लटका मिला। पुलिस ने बताया कि मृतक नशा करने का आदी था। फिलहाल विजयपुर अस्पताल में पीएम कराने के बाद शव को परिवार के लोगों के सुपुर्द कर दिया है और मर्ग दर्ज कर उसके फांसी लगाए जाने के कारणों की जांच शुरू कर दी है।

## एसडीएम के साथ तहसीलदार कार्यालय भी शामिल रहेगा

# नए तहसील भवन का निर्माण कार्य किया जा रहा 8 करोड़ 99 लाख से


हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

तहसील कार्यालय जिला मुख्यालय अशोकनगर पर नवीन तहसील कार्यालय भवन का निर्माण किया जा रहा है यह कंपोजिट भवन है जिसमें एसडीएम के साथ तहसीलदार कार्यालय भी शामिल रहेगा पूर्व में दो भवनों में तहसील कार्यालय लग चुका है अब यह तीसरा नया कार्यालय भवन बनाया जा रहा है।

अशोकनगर जिले में तहसील कार्यालय की शुरुआत जो पुराना कोर्ट भवन है जो गांधी चौक के पास है वहां से इसकी शुरुआत हुई थी। आजादी से पहले यह भवन इसी कक्ष में लगता था बाद में जब अशोकनगर का नामकरण बदला तब नया तहसील भवन बना जो वर्तमान में चल रहा है। अब एक नया तहसील भवन और बनाया जा रहा है। पीआईयू के कार्यपालन अधिकारी बी के माथुर ने बताया कि 8 करोड़ 99 लाख रुपए की लागत से इस भवन का निर्माण किया जा रहा है यहां पूर्व में जो न्याय विभाग के क्वार्टर थे उनको हटाकर भवन का निर्माण किया जा रहा है यह भवन निर्माणाधीन है इसमें एसडीएम कार्यालय के साथ तीन नायब तहसीलदार कार्यालय भी बनाए जा रहे हैं साथ में अभिभाषकों के लिए बैठने की व्यवस्था की जा रही है। अशोकनगर मुख्यालय पर तहसील कार्यालय बहुत पुराना है वरिष्ठ








अभिभाषक बाबूलाल यादव ने बताया कि इस भवन में 1956 में इसकी शुरुआत की गई थी यहां तहसील कार्यालय के साथ एसडीएम कार्यालय भी लगता है सबसे पहले एसडीएम यहां बागची थे जो आईएस थे यहां अधिकांश एसडीएम आईएएस बनते रहे।

जब तक अशोकनगर तहसील मुख्यालय था बाद में जब जिला बना तब यहां है राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी तहसीलदार प्रदर्शित होते रहे। वर्तमान में यहां एसडीएम राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारी है। अशोकनगर जिस तहसील भवन में चल रहा है। वह जीर्णशीर्ण हो गया है। पूर्व में यहां पर अपर कलेक्टर कार्यालय भी लगता था यह कार्यालय भवन कई जगह से बैठ गया है और कई जगह दीवारों में भी दरार आ गई है। हालांकि सुधार बार-बार किया गया है लेकिन यहां परिसर भी पूरा गंदा बना हुआ है परिसर में सड़क की कोई सुविधा नहीं है जगह-जगह गड्ढे हो रहे हैं पूरा पानी भर रहा है वकील जहां बैठते हैं वहां भारी परेशानियों के बीच में सामना करना पड़ता है।

अभिभाषक कक्ष भी बहुत पुराना है इन सब परिस्थितियों को लेकर नया तहसील भवन अशोकनगर के लिए एक उपलब्धि होगा। इसी तरह का एक तहसील भवन ईसागढ में भी बनाया जा रहा है ताकि लोगों को सुविधा मिल सके। पक्षकारों को भी बैठने की सुविधा होना चाहिए। इसके अलावा सुलभ कांप्लेक्स की सुविधा भी तहसील में उपलब्ध कराई जाना चाहिए यहां इस तरह का कोई कंपलेक्स नहीं है यहां यह कहना आवश्यक जरूरी है कि यहां जिला पंचायत जनपद पंचायत बीआरसी भवन तहसील एसडीएम कार्यालय रजिस्टर कार्यालय लोक सेवा केंद्र एचडी कार्यालय इतने सारे विभाग हैं इसके बावजूद भी यहा सुलभ कॉम्पलेक्स की सुविधा नही है।

# क्षतिग्रस्त प्राथमिक विद्यालय रांवसर की बिल्डिंग के पुनर्निर्माण की मांग उठाई







**खास बातें**

- प्राथमिक विद्यालय रांवसर की टूटी इमारत को डिस्मेंटल किया जाए व शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू किया जाए।
- जब तक नया भवन बनकर तैयार नहीं हो जाता तब तक के लिए प्राथमिक विद्यालय की कक्षाएं किसी अन्य भवन में संचालित करने की व्यवस्था की जाए।
- उक्त मामले में बार बार अवगत कराए जाने के बाद भी कोई कार्यवाही नहीं करने वाले जिम्मेदार अधिकारियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

सोमवार को पेड़ गिर जाने के कारण क्षतिग्रस्त प्राथमिक विद्यालय रांवसर की बिल्डिंग के पुनर्निर्माण करने व निर्माण कार्य पूर्ण न होने तक प्राथमिक विद्यालय को अन्य किसी भवन में संचालित करने की मांग को लेकर छात्र संगठन डीएसओ ने विरोध प्रदर्शन किया और ज्ञापन सौंपा।

डीएसओ के जिला सचिव अनुराग सागर ने बताया कि रावसर मे पिछले दिनो इमली के दो पेड स्कूल भवन पर गिर जाने से दो कक्ष क्षतिग्रस्त हो गए है। यह भवन पुराना हो गया था। कई सालों से बिल्डिंग खराब हो चुकी है। जिसे गिराकर नई बिल्डिंग बनाई जानी चाहिए। पर लापरवाही बरती जा रही है। अभी भी जिन कक्षों में बच्चों को बिठाया जा रहा है वे भी क्षतिग्रस्त है जिनमे दरारें आ रही हैं, दीवारों से पानी रिस रहा है। टूटी हुई दीवार को भी ऐसे ही छोड़ दिया है जो कभी भी गिर सकती है। उसी टूटी दीवार के पास हैंडपंप से बच्चे पानी पीते हैं। जो कभी भी बच्चों और स्टाफ के लिए जानलेवा हो सकता है। प्रशासनिक अमला जांच करने तो गया परंतु न ही तो उक्त बिल्डिंग को डिस्मेंटल करने हेतु कोई कार्यवाही की गई है और न ही प्राथमिक विद्यालय के छात्रों को किसी अन्य स्थान पर बैठने की कोई व्यवस्था की गई है।

इस संबंध में पूर्व में भी डीएसओ ने स्कूल शिक्षा विभाग व जिला प्रशासन को पिछली साल भी ज्ञापन दिया था व नई बिल्डिंग बनाने की मांग छात्रों द्वारा की गई थी परंतु इस पर कोई ठोस कदम प्रशासन की ओर से नहीं उठाया गया। प्रशासन का यह ढीला ढाला रवैया निंदनीय है। उन्होंने आगे कहा कि सरकार द्वारा नई शिक्षा नीति को जोर शोर के साथ प्रदेश के अंदर लागू किया गया परंतु पिछले चार वर्षों से जो ढ़ोल पीटा जा रहा था अब उसकी पोल खुलती दिख रही है। बड़े-बड़े दावे झूठ साबित हो रहे हैं। स्कूलों में मूलभूत आवश्यकताएं जैसे पर्याप्त शिक्षक, इन्फ्रास्ट्रक्चर, पीने योग्य स्वच्छ जल, छात्र छात्राओं के लिए अलग टॉयलेट्स, गर्ल्स कॉमन रूम, बिजली व्यवस्था, प्ले ग्राउंड, लैब, लाइब्रेरी, डिजिटल क्लास आदि की कमी से जूझ रहें हैं। पढ़ेगा इंडिया तो बढ़ेगा इंडिया, बेटी पढ़ाओ, सर्व शिक्षा अभियान आदि बातें थोथी नारेबाजी तक सिमट गई है।

# ग्रामीणों को नशा मुक्ति की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नईसराय

पुलिस अधीक्षक विनीत कुमार जैन के निर्देश पर नईसराय थाना प्रभारी आशुतोष गुप्ता के नेतृत्व में मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद विकास खंड ईसागढ़ की नवांकुर संस्था रघुकुल सेवा समिति द्वारा ग्राम पंचायत उमरी के ग्राम रांठ में नशा मुक्ति जन जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

जिसमें नशामुक्ति साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत ग्राम रांठ में ग्रामीण जनों को मादक पदार्थों के दुरुपयोग एवं उनकी तस्करी के विरुद्ध जन चेतना जागृत करने का



आह्वान किया पंचायत के सरपंच देवेंद्र रघुवंशी द्वारा उपस्थित लोगों को नशीली पदार्थों, शराब अन्य मादक पदार्थों के सेवन को खत्म करने का संकल्प दिलाया इसी दौरान कैलाश सत्यार्थी चिल्ड्रन फाउंडेशन के जिला समन्वयक और रघुकुल सेवा समिति के अध्यक्ष विपिन रघुवंशी द्वारा उपस्थित लोगों को नशा मुक्ति की शपथ दिलाई इस दौरान नईसराय थाने से प्रधान आरक्षक दसरथ सिंह रघुवंशी एवं उनका सहयोगी स्टाफ की उपस्थिति में ग्राम के रामबाबू सिंह, जगदीस, संभु सिंह, जगन्नाथ सिंह, महेश सिंह, मुकेश, कनहैयाराम, आदि ने नशा छोड़ा, और बड़ी संख्या मे ग्रामीण जन उपस्थित रहे।

# 15 केंद्रों पर पिलाई बच्चों को पोलिया की दवा

## 3 दिवसीय पल्स पोलियो अभियान जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शाढ़ौरा

दो बूंद जिंदगी के अभियान के अंतर्गत नगर में जन्म से 5 बर्ष उम्र तक के बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई गई। तीन दिवसीय अभियान में पहले दिन रविवार को नगर के विभिन्न क्षेत्रों में बनाए गए 15 केंद्रों पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैनात की गईं अलग अलग टीमें बच्चों को दवा पिलाने के लिए सुबह से ही तत्पर नजर आईं।

### जनप्रतिनिधियों ने पिलाई दवा

समाजसेवीयो एवं जनप्रतिनिधियों ने अपने अपने क्षेत्र के केन्द्रों पर दवा पिलाकर इस अभियान का शुभारंभ किया। जैन मंदिर



परिसर के केन्द्र पर समाजसेवी संस्था महिला जैन मिलन की अध्यक्ष प्रियंका जैन एवं वैश्य महासम्मेलन महिला ईकाई की अध्यक्ष सरला जैन ने बच्चों को जिंदगी की दो बूंद दवा पिला कर शुभारंभ किया। इस तीन दिवसीय अभियान के तहत जहां रविवार को केन्द्रों पर दवा पिलाई गई है अब 24 एवं 25 जून को घर घर जाकर दवा से वंचित रहे बच्चों को दवा पिलाई जायेगी। बीएमओ डॉ शिवराज सिंह भदौरिया ने यह जानकारी देते हुए बताया है कि शाढ़ौरा में 1300 बच्चे चिन्हित किए गए हैं जिन्हें दवा पिलाई जायेगी।

## थाना मुंगावली में लुटेरी दुल्हन को किया गिरफ्तार

**अशोकनगर।** मुंगावली मे लुटेरी दुल्हन अपने साथियों के साथ मिलकर लोगो से शादी संबंध की बात कर उनसे सगाई के लिये रूपयों की मांग करती जो लोगो के साथ सगाई करके रूपये लेकर वह और उसके साथी भाग जाते जिनसे बाद में कोई संपर्क नहीं होता था । पुलिस ने ऐसी लुटेरी दुल्हन को गिरफ्तार किया है। पिछले दिनो 17 मई को ग्राम पीपल्या कला के एक व्यक्ति को उसके भाई की शादी की बात करने बुलाया उनको लड़की पसंद नहीं आई तो वह अपने घर लौटने लगे तब लुटेरी दुल्हन ने अपने अन्य दो साथियों के साथ मिलकर उससे 95,000 रूपये लूट लिये। जिस पर से थाना मुंगावली मे लूट का मामला दर्ज किए जाने के बाद पुलिस लुटेरी दुल्हन की तलाश मे लगी थी। मुगावली के थाना प्रभारी गब्बर सिंह गुर्जर ने उक्त लुटेरी दुल्हन को गिरफतार किया है। जिसके पास से लुटे गए रूपए बरामद किए हैं।

## युवक को कार ने पीछे से टक्कर मारी, मौत

**अशोकनगर।** जिले के ईसागढ़ थाने के अंतर्गत एक कार चालक ने पैदल जा रहे एक युवक को पीछे से टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक ग्राम अजलेश्वर का रहने वाला है। जिसका नाम राजपाल पुत्र भूरा जाटव उम्र 30 साल है। बताया गया है कि युवक अपने खेतो की ओर जा रहा था। इसी दौरान पावर हाउस के समीप पीछे से आ रही कार के चालक ने उसे पीछे से टक्कर मार दी। इस हादसे मे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। इस घटना मे गाव के लोगो ने मौके से भाग रहे कार चालक को पकड लिया और युवक को जिला अस्पताल लाने के प्रबंध किए गए किंतु उसके पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी।

# जिले में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए

**अशोकनगर।** जिले के विभिन्न थाना क्षेत्र के अंतर्गत मारपीट की घटनाओ के कई मामले दर्ज किए गए है। जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बायंगा निवासी राजपाल पुत्र गजराज सिंह ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी कमलसिंह विजय यादव शम्भू यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से कृष्णभान यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी जयपाल यादव रामदयाल गोलू सतेन्द्र और डिग्गी यादव उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।जिले के शाढौरा थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बायंगा निवासी कमल सिह यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी इंन्द्रभान यादव राजपाल यादव ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से रामदयाल यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि कृष्णभान यादव और नन्नू यादव ने उससे मारपीट की। जिले के पिपरई थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम जमाखेडी निवासी तारा पत्नी आवे हसन खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी अम्मू खान आबेहसन कल्लो और हमीदल ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। इसी घटना मे दूसरे पक्ष की ओर से हमीदल खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि रसूल खान आबेहसन रिहाना खान ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम अमझरा निवासी हरकिशन आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी हरपाल बुंदेला ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के ईसागढ थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम ढाकौनी निवासी सगुन पुत्र पीतम केवट ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी तुलसीराम केवट ने कुल्हाडी से हमला कर उसकी उगली काट उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। कदवाया थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बुढिया निवासी मन्नू आदिवासी ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि आरोपी बालकिशन आदिवासी ने उससे मारपीट की।

# थूवोन कमेटी ने चातुर्मास के लिए श्रीफल किए भेंट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

दर्शनोदय तीर्थ थूवोन कमेटी में चातुर्मास की भावना लेकर अशोक नगर जिले की जैन समाज ने थूवोनजी कमेटी के संयोजक में मुनिपुगंव सुधासागरमहाराज ससंघ को श्रीफल भेंट कर चातुर्मास का निवेदन किया।

निवेदन करते हुए मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजय धुर्रा ने कहा कि अशोकनगर शाढ़ौरा जैन समाज मुंगावली चन्देरी ईसागढ़ बहादुरपुर, बगंला चैराह समाज के प्रतिनिधियों ने थूवोनजी कमेटी के साथ श्रीफल भेंट कर रहे हैं पूरे जिले से जैन समाज ये निवेदन लेकर आये है कि थूवोनजी में चातुर्मास हो। इस भावना से श्री फल भेंट करने वाले में थूवोनजी कमेटी के अध्यक्ष अशोक जैन टींगू मिल उपाध्यक्ष गिरीश अथाईखेडा महामंत्री विपिन सिंघई मंत्री विनोद मोदी राजेन्द्र हलवाई शिरोमणि संरक्षण सजीव श्रंगार शालू भारत शैलेन्द्र दददा अशोक नगर समाज के महामंत्री राकेश अमरोद मंत्री शैलेन्द्र



श्रागर मध्यप्रदेश महासभा संयोजक विजयधुर्रा रविकांत कासंल पवन जैन पतकार मुन्नावाझल मुनेश विजयपुरा सुनील घेलू शाढ़ौरा से निर्मल जैन प्रमोद जैन मनोज चोवे मुंगावली से संजयसिंघई त्रिलोक चंद जैन अनिल रोकड़यि चन्देरी सौरवजैन बहदपुर बाबूलाल जैन मनोज सरंचना बग्लाचैराह भोनू जैन ईसागढ़ आदि ने निवेदन प्रस्तुत किया।

## कलेक्टर ने दिए चारागाहों से अतिक्रमण हटाने के निर्देश

# कलेक्टर ने कहा, निराश्रित गोवंश सड़कों पर न रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

गोवंश के संरक्षण के संबंध में निर्देशित किया कि निराश्रित गोवंश सड़कों पर न रहे। गौवंश को गोशालाओं में रखे जाने की व्यवस्था की जाए। उन्होंने गोवंश चारागाहों पर किये गये अतिक्रमणों को हटाये जाने के निर्देश समस्त तहसीलदारों को दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को समस्त तहसीलदार सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर करें। इस कार्य में लापरवाही बतरने पर संबंधित तहसीलदार उत्तरदायी होगें।

बैठक में कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने निर्देश दिए कि सीएम हेल्पलाइन से संबंधित शिकायतों का निराकरण अधिकारीगण विशेष रूचि लेकर पूरी गंभीरता के साथ करें। सभी विभाग सीएम हेल्पलाइन के अंतर्गत बेहतर रैंक प्राप्त करने का प्रयास करें।उन्होंने कहा कि सीएम हेल्पलाईन के तहत शिकायतें नॉट अटेण्डेंट न हो यह सुनिश्चित किया जाए। साथ ही 50 दिवस से अधिक समय की शिकायतों को बंद किये जाने हेतु सभी आवश्यक प्रयास किये जाएं। उन्होंने शासन द्वारा संचालित



विभिन्न कार्यक्रमों एवं योजनाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों के अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने निर्देश दिए कि जिले में स्वास्थ्य व्यवस्था सुचारू रूप से बेहतर रखी जाएं। जिससे जरूरतमंद लोगों को आसानी से स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध हो सके। उन्होंने जिला चिकित्सालय में चिकित्सा सुविधा हेतु ज्यादा भीड़ एकत्रित न हो इस हेतु क्राउड मैनेजमेन्ट प्लान प्रारंभ करने के निर्देश सिविल सर्जन को दिए।

पिछले दिनो रावसर मे एक जर्जर स्कूल भवन पर पेड गिर जाने के बाद उन्होंने जिले में जर्जर स्कूलों के भवनों को हटाये जाने के निर्देश डीपीसी को दिए। आईटीआई में विभिन्न ट्रेडों में लक्ष्य के अनुरूप प्रवेशोत्सव के संबंध में निर्देशित किया। समर्थन मूल्य पर चना,मसूर,सरसों की खरीदी का भुगतान किसानों को किये जाने के संबंध में उप संचालक कृषि से जानकारी ली। उन्होंने जिले में वर्षा को दृष्टिगत रखते हुए प्रदूषित पेयजल स्त्रोतों में ब्लीचिंग पाउण्डर डलवाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में पशुओं को गलाघोटू बीमारी की वैक्सीन लगाये जाने के निर्देश उप संचालक पशुपालन को दिए। उन्होंने वृक्षारोपण के संबंध में निर्देशित किया कि आगामी 15 जुलाई से वृहद स्तर पर वृक्षारोपण अभियान संचालित किया जाए।

इस अभियान में सभी की भागीदारी सुनिश्चित हो ऐसे प्रयास किये जाएं। बाढ़ आपदा राहत के लिए सभी अधिकारी सतर्क रहकर पूरी तैयारी रखें। तहसील स्तर पर बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित किये जाएं। उन्होंने आगामी 1 जुलाई से प्रारंभ होने वाले विधानसभा सत्र के दौरान विभागों को प्राप्त होने वाले विधानसभा प्रश्नों के उत्तर की जानकारी यथाशीघ्र भिजवाये जाने के निर्देश दिए। बैठक में समय सीमा के लंबित्र पत्रों,सीएम हेल्पलाईन,विभागीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा कर निर्देश दिए।

## जिला अस्पताल परिसर में चलाया गया सफाई अभियान




**अशोकनगर।** जिला अस्पताल में सीएमएचओ डॉ नीरज कुमार छारी के निर्देशन में सिविल सर्जन डॉ सनूप छारी आरएमओ डॉ जयकृत सिंह जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ सीपी यादव ने मौसमी बीमारियों के चलते अस्पताल परिसर में विशेष सफाई अभियान चलाया । सीएमएचओ डॉ छारी के निर्देशन में यह अभियान समय समय पर निरंतर चलता रहता है। उनका कहना है कि साफ सफाई बहुत जरूरी है। इससे 50 प्रतिशत बीमारियों पर अंकुश लगाया जा सकता है। वर्षात के मौसम में हैजा उल्टी दस्त मक्खी मच्छर जनित बीमारियों की संभावना ज्यादा रहती है। उन्होंने लोगों से आग्रह किया है कि बासी भोजन का उपयोग बिलकुल न करें।खाना ताजा खाएं तथा ढांककर रखें।

## दीवार गिरने से नीचे खड़े एएसआई हुए घायल

**गुना।** प्रकाश टाकीज गली में घर की छत की साइड की दीवार गिरने से नीचे खड़े एएसआई पुष्पेंद्र जैन घायल हो गए। पुष्पेंद्र जैन ने बताया कि वे घर के बाहर से निकल रही 11 केवी की हाई टेंशन लाइन से बचाव के लिए कारीगर से बात कर रहे थे । एक माह पहले उनकी पत्नी 11 किलोवाट की हाई टेंशन लाइन की चपेट में आने से बुरी तरह से घायल हो गई थी और उनको गम्भीर हालात में इलाज के लिए इंदौर ले जाया गया जहां अभी भी उनका इलाज चल रहा है। लगातार मुख्यमंत्री हेल्पलाइन पर और विद्युत मंडल में शिकायत दर्ज करने के बाद भी अब तक ना तो सीएम हेल्पलाइन और नहीं विद्युत मंडल द्वारा किसी प्रकार की कोई कार्यवाही नहीं की गई है। इसी बात से परेशान होकर जैन कारीगर से किस प्रकार हाई टेंशन लाइन से बचाव किया जा सकता है इस संदर्भ में बात कर रहे थे। तभी यह हादसा हुआ सिर में उनके चोट आई है।

